Regarding need of a train from Chittorgarh to Mumbai and Chennai

श्री चन्द्र प्रकाश जोशी (चित्तौड़गढ़) : अध्यक्ष महोदय, मैं अपने संसदीय क्षेत्र और मेवाड़ की एक महत्वपूर्ण समस्या सदन में उठाना चाहता हूं, जो रेलवे से संबंधित है। पिछले 10-11 वर्षों में रेलवे में इलैक्ट्रिफिकेशन, डबलिंग और नई रेलवे लाइन की बहुत बड़ी सौगात मोदी सरकार में उस क्षेत्र को मिली है। लेकिन मेवाड़ क्षेत्र के लोग मुम्बई और चेन्नई में बड़ी संख्या में जाते हैं,चाहे व्यापार हो, चाहे नौकरी हो, चाहे मजदूरी हो, चाहे अध्ययन के लिए हमारे यहां के लोग वहां जाते हैं। जब त्यौहार होता है या कोई काम होता है, तो वहां के लोगों को आने के लिए बड़ी परेशानी होती है। अभी मात्र एक ट्रेन चित्तौड़ से मुम्बई के लिए चलती है और वह भी अल्टरनेट डेज में चलती है।

मेरी आपके माध्यम से सरकार से मांग है कि चित्तौड़ से मुम्बई और चेन्नई के लिए शीघ्र कोई ट्रेन चले, ताकि वहां के लोगों को आने-जाने में सुविधा मिल सके। बहुत-बहुत धन्यवाद।